आज का सुविचार

कभी ये ना सोचें कि मेरे बिना किसी का काम नहीं होगा यह संसार है, यहां ताश का पत्ता गुम होने पर जोकर को बादशाह बना देते हैं!


दैनिक स्पोर्ट्स एज

डिजीटल एडिशन

खेल समाचार पत्र






» वर्ष-04 » अंक-318 भोपाल, शनिवार 01 मार्च, 2025 » पृष्ठ-8 » मूल्य-2 रूपये


### अफगानिस्तान को चमत्कार की आस

# सेमीफाइनल में पहुंचने वाली तीसरी टीम बनी ऑस्ट्रेलिया

**लाहौर। अफगानिस्तान और ऑस्ट्रेलिया के बीच लाहौर में खेला गया मुकाबला बारिश की भेंट चढ़ गया और मैच बेनतीजा रहा। मैच दोबारा नहीं होने का फायदा ऑस्ट्रेलियाई टीम को हुआ जिसने सेमीफाइनल में जगह बना ली है। अफगानिस्तान की उम्मीद धूमिल हो गई हैं, लेकिन उसका सफर आधिकारिक रूप से अभी खत्म नहीं हुआ है। अफगानिस्तान की नजरें अब दक्षिण अफीका और इंग्लैंड के बीच शनिवार को होने वाले मुकाबले पर टिकी होंगी।**




दक्षिण अफ्रीका की हार अफगानिस्तान के लिए दरवाजे खोल सकती है। भारत और न्यूजीलैंड के बाद ऑस्ट्रेलिया चैंपियंस ट्रॉफी के सेमीफाइनल में पहुंचने वाली तीसरी टीम रही।ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड को अपने पहले मैच में हराया था। इसके बाद दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ उसका दूसरा मुकाबला बारिश की भेंट चढ़ा था और अब अफगानिस्तान के खिलाफ मैच में पूरा नहीं हो सका। ऑस्ट्रेलिया ने इस तरह ग्रुप चरण में तीन में से एक मैच जीता और चार अंक लेकर सेमीफाइनल में जगह सुनिश्चित की। दक्षिण अफ्रीका और अफगानिस्तान के अब तीन-तीन अंक है और यह दोनों टीमें तालिका में क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं। अगर दक्षिण अफ्रीका इंग्लैंड के खिलाफ जीत दर्ज करने में सफल रही तो पांच अंक लेकर ग्रुप बी में शीर्ष पर रहते हुए सेमीफाइनल में पहुंच जाएगी। अगर दक्षिण अफ्रीका को इंग्लैंड के खिलाफ बड़ी हार का सामना करना पड़ा और उसका नेट रन रेट अफगानिस्तान से कम रहा तो अफगानिस्तान आगे बढ़ सकती है। हालांकि, दक्षिण अफ्रीका का नेट रन रेट अफगानिस्तान से काफी बेहतर है और कोई चमत्कार ही अब अफगानिस्तान को सेमीफाइनल का टिकट दिला सकता है। अफगानिस्तान की नजरें अब दक्षिण अफ्रीका और इंग्लैंड के बीच शनिवार को होने वाले मुकाबले पर टिकी होंगी।

दक्षिण अफ्रीका की हार अफगानिस्तान के लिए दरवाजे खोल सकती है। इस मैच में इंग्लैंड अगर पहले बल्लेबाजी करने उतरता है तो दक्षिण अफ्रीका को कम से कम 207 रनों से हराना होगा। वहीं, जोस बटलर के नेतृत्व वाली टीम अगर दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरती है तो उन्हें 11.1 ओवर के अंदर लक्ष्य हासिल करना होगा। इससे पहले, अफगानिस्तान ने ऑस्ट्रेलिया के सामने जीत के लिए 274 रनों का लक्ष्य दिया। ऑस्ट्रेलिया ने मैच रुकने तक 12.5 ओवर में एक विकेट पर 109 रन बना लिए थे। ऑस्ट्रेलिया की ओर से ट्रेविस हेड 40 गेंदों पर नौ चौकों और एक छक्का की मदद से 59 रन और कप्तान स्टीव स्मिथ 19 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद थे। लक्ष्य का पीछा करते हुए कंगारू टीम ने मैथ्यू शॉर्ट का विकेट गंवा दिया था जो 15 गेंदों पर तीन चौकों और एक छक्के की मदद से 20 रन बनाकर आउट हुए। ऑस्ट्रेलिया को जीत के लिए 165 रन और बनाने थे, लेकिन बारिश रुकने के बावजूद मैच दोबारा शुरू नहीं हो सका क्योंकि मैदान काफी गीला था।

## सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की करने उतरेगा दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड की नजरें जीत के साथ समापन पर



**लाहौर।** पिछला मुकाबला बारिश से धुलने के बाद दक्षिण अफ्रीका की नजरें चैंपियंस ट्रॉफी में अपने आखिरी ग्रुप मुकाबले जीत दर्ज कर सेमीफाइनल में जगह पक्की करने उतरेगी। दूसरी ओर, शुरुआती दो मैच हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो चुकी इंग्लैंड की नजरें जीत के साथ चैंपियंस ट्रॉफी का अंत करने पर टिकी होंगी। ग्रुप ए से भारत और न्यूजीलैंड पहले ही सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर चुके हैं लेकिन ग्रुप बी से ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका और अफगानिस्तान इस दौड़ में शामिल हैं। अफगानिस्तान ने एक रोमांचक मुकाबले में आठ रन से जीत दर्ज करके न सिर्फ इंग्लैंड को सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर किया, बल्कि अंतिम चार में जगह बनाने की अपनी उम्मीदों को भी जीवंत रखा। दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के बीच मैच बारिश की भेंट चढ़ गया था। इंग्लैंड की टीम को अपने दोनों मैच में हार का सामना करना पड़ा। इंग्लैंड के खिलाफ मैच में दक्षिण अफ्रीका का पलड़ा थोड़ा भारी नजर आता है क्योंकि उसकी टीम ने अभी तक तीनों विभाग में अच्छा प्रदर्शन किया है और उसके अधिकतर खिलाड़ी अच्छी फॉर्म में चल रहे हैं। दूसरी तरफ इंग्लैंड की टीम बल्लेबाजी में जो रूट पर जरूरत से ज्यादा निर्भर है। दक्षिण अफ्रीका की टीम बारिश से प्रभावित टूर्नामेंट में अभी तक केवल एक मैच खेल पाई है जिसमें उसने अफगानिस्तान को 107 रन के बड़े अंतर से हराया था। इस मैच में रेयान रिकेल्टन ने शतक लगाया, जबकि कप्तान तेम्बा बावुमा, रासी वान डेर डुसेन और एडेन मार्करैम ने अर्धशतक जमाए, जिससे दक्षिण अफ्रीका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए छह विकेट पर 315 रन बनाए और इसके बाद अफगानिस्तान को 208 रन पर आउट कर दिया। दक्षिण अफ्रीका की टीम भले ही कागजों पर मजबूत नजर आती है और आईसीसी की प्रतियोगिताओं में उसका प्रदर्शन अच्छा रहा है, लेकिन पिछले एक साल में वह अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाई है। दक्षिण अफ्रीका को पिछले 12 वनडे मैच में से आठ में पराजय झेलनी पड़ी थी।

# 33 गेंदों के शेष रहते दिल्ली ने जीता मैच

## डब्ल्यूपीएल में सर्वाधिक 50+ रन बनाने वाली बल्लेबाज बनीं लैनिंग




**बंगलुरू।** मेग लैनिंग और शेफाली वर्मा की तूफानी साझेदारी की बदौलत दिल्ली कैपिटल्स ने नौ विकेट से मुंबई इंडियंस को हरा दिया। शुक्रवार को बंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में पिछले संस्करण की उपविजेता टीम ने टॉस जीतकर मुंबई इंडियंस को पहले बल्लेबाजी का न्योता दिया। हालांकि, हरमनप्रीत कौर की टीम इस मौके को भुनाने में नाकाम रही और 20 ओवर में नौ विकेट खोकर 123 रन ही बना सकी। जवाब में दिल्ली ने 14.3 ओवर में एक विकेट खोकर 124 रन बनाए और मुकाबला अपने नाम कर लिया। इस जीत के साथ दिल्ली कैपिटल्स एक बार फिर अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच गई। उनके खाते में आठ अंक हैं और नेट रन रेट +0.201 है। वहीं, मुंबई दूसरे पायदान पर खिसक गई।

124 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी दिल्ली ने दमदार प्रदर्शन किया। उनकी कप्तान मेग लैनिंग ने 40 गेंदों में अपने डब्ल्यूपीएल करियर का आठवां अर्धशतक पूरा किया। इसी के साथ वह महिला प्रीमियर लीग में सर्वाधिक 50+ स्कोर बनाने वाली पहली बल्लेबाज बन गई। मुंबई के खिलाफ खेले गए इस मैच में वह 60 रनों की तूफानी पारी खेलकर नाबाद रहीं। इस दौरान उन्होंने नौ चौके लगाए।

ऑस्ट्रेलिया बल्लेबाज को पारी की शुरुआत में शेफाली वर्मा का साथ मिला। दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 85 रनों की साझेदारी हुई। अमनजोत कौर ने अमेलिया कर के हाथों भारतीय बल्लेबाज को कैच आउट कराया। वह 28 गेंदों में चार चौकों और तीन छक्कों की मदद से 43 रन बनाकर पवेलियन लौटीं। वहीं, जेमिमा रोड्रिग्स 15 रन बनाकर नाबाद रहीं। इस मुकाबले में मुंबई की अमनजोत के अलावा सभी गेंदबाजों के हाथ खाली रहे। मुंबई की शुरुआत इस मुकाबले में अच्छी हुई थी। यास्तिका भाटिया और हीली मैथ्यूज के बीच पहले विकेट के लिए 35 रनों की साझेदारी हुई जिसे शिखा पांडे ने तोड़ा। उन्होंने भारतीय बल्लेबाज को साराह ब्राइस के हाथों कैच कराया। वह 11 रन बना सकीं। इसके बाद सदरलैंड ने मैथ्यूज को पवेलियन भेजा। वह 22 रन बनाकर लौटीं।

# दिल्ली खेल समाचार

## डीडीसीए लीग : परिणाम एक नज़र में

# ग्वनीश खुराना की घातक गेंदबाजी से पेलिकन क्लब की डीडीसीए लीग मैच में शानदार जीत

स्पोर्ट्स एज।

ग्वनीश खुराना की घातक गेंदबाजी 5 विकट 8 रन देकर, सक्षम त्यागी 2/23, विकास राणा 46 रन नॉटआउट के शानदार खेल की बदौलत पेलिकन क्लब बिना विकेट खोए 75 रन 9 ओवर ने डीडीसीए लीग मैच में पैरागोंन क्लब 71 रन आलआउट 21 ओवर को 10 विकेट से हराकर शानदार जीत दर्ज की।

### विशांत के शानदार शतक से जेमिनी क्लब की डीडीसीए लीग मैच में शानदार जीत



विशांत के शानदार अविजित शतक 130 रन नॉटआउट ओर 3 विकेट 44 रन देकर, ध्रुव पाल 2/13 के शानदार खेल की बदौलत जेमिनी क्रिकेट क्लब 179/2 17 ओवर ने डीडीसीए लीग मैच में चांद खन्ना क्लब 177 आल आउट को 8 विकेट से हराकर शानदार जीत दर्ज की। चांद खन्ना क्लब टीम की ओर से कृष चाहर 54 रन और प्रियांशु 46 रन का खेल शानदार रहा।

### मनन भारद्वाज की घातक गेंदबाजी से सोनेट क्लब की डीडीसीए लीग मैच में शानदार जीत

मनन भारद्वाज की घातक गेंदबाजी 3/15, विवेक शर्मा 3/19, सागर तवर 49 रन नॉटआउट, सनत सांगवान 39 रन के शानदार खेल की बदौलत सोनेट क्लब 103/2, 9 ओवर ने डीडीसीए लीग मैच में दिल्ली पुलिस 97 रन आलआउट 21 ओवर को 8 विकेट से हराकर शानदार जीत दर्ज की। दिल्ली पुलिस टीम की ओर से कोई भी खिलाड़ी बढ़िया प्रदर्शन नहीं कर सका।

### अंकुर कौशिक के शानदार खेल से कश्मीरी गेट कोट्स की डीडीसीए लीग मैच में शानदार जीत

अंकुर कौशिक 61 रन और 1/28, अबीर सुदन 60 रन नॉटआउट, प्रणव तिवारी 3/51 के शानदार खेल की बदौलत कश्मीरी गेट कोट्स 182/3 21 ओवर ने डीडीसीए लीग मैच में फ्रेंड्स क्लब दिल्ली 181/9 40 ओवर को 7 विकेट से हराकर शानदार जीत दर्ज की। फ्रेंड्स क्लब दिल्ली टीम की ओर से अंकित बिष्ट 70 रन और आर्य सिंह 68 रन का खेल शानदार रहा।

### अमन कुमार के खेल से दिल्ली ऐडमिन की डीडीसीए लीग मैच में शानदार जीत

अमन कुमार 3/15, कपिल डागर 2/19, सचिन हुड्डा 65 रन नॉटआउट, योगेश शहरान 1/32 के शानदार खेल की बदौलत दिल्ली एडमिनिस्ट्रेशन 171/4 30 ओवर ने डीडीसीए लीग मैच में डीडीए 167/10 को 6 विकेट से हराकर शानदार जीत दर्ज की। डीडीए टीम की ओर से निखिल भट्ट 54 रन और प्रज्ञान शर्मा 48 रन का खेल शानदार रहा।

### टिंकू सिंह तोमर के शानदार खेल से साउथ दिल्ली कोट्स की डीडीसीए लीग मैच में शानदार जीत

टिंकू सिंह तोमर 4/25, विष्णु गुप्ता 46 रन, शिवम कुमार 44 रन के शानदार खेल की बदौलत साउथ दिल्ली कोट्स 180/9 32 ओवर ने डीडीसीए लीग मैच में क्रांति स्टार क्लब 152/8 32 ओवर को 28 रन से हराकर शानदार जीत दर्ज की। क्रांति स्टार क्लब टीम की ओर से शुभम 47 रन और नैतिक यादव 42 रन का शानदार खेल रहा।

# 10th अखिल भारतीय राजपति मिश्रा मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट (स्पोर्ट सन ट्रॉफी) एकता क्रिकेट क्लब 70 रनों से जीता




स्पोर्ट्स एज।

10th अखिल भारतीय राजपति मिश्रा मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट (स्पोर्ट सन ट्रॉफी) मे आज रवि ब्रदर्स क्रिकेट क्लब और एकता क्रिकेट क्लब के मध्य मैच खेला गया जिसमे रवि ब्रदर्स क्रिकेट क्लब ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए एकता क्रिकेट क्लब की टीम 39 ओवर में 292 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। मंथन तलवार ने 81 (58), अमन दुबे ने 49 (32), सम्यक ने 46 (37) और अक्षय कपूर ने 45 रन की पारी खेली। रवि ब्रदर्स क्रिकेट क्लब की तरफ से गेन्दबाज़ी करते हुए रॉकी नगर ने 4 और पुन: पारे ने 2 विकेट लिए। जवाबी पारी खेलने उतरी रवि ब्रदर्स क्रिकेट क्लब की टीम 35 ओवर में 10 विकेट पर 226 रन ढ्ढ्ढ बना पाई।

सारांश पाराशर ने 74 (68) और करण डेढ़ा ने 31 (13) जबकि अंकित नेगी ने 36 (48) रन की पारी खेली। एकता क्रिकेट क्लब की तरफ से गेन्दबाज़ी करते हुए आर्यन भट्ट, अर्पित वर्मा ने 3-3 जबकि अक्षय कपूर ने 2 विकेट लिए। स्पोर्ट सन मैन ऑफ द मैच अक्षय कपूर को चुना गया।

# प्रज्ञानंद ने फिर से बाजी ड्रॉ खेली, अरविंद ने कीमर को हराया



**प्राग।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंद ने यहां प्राग मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट के दूसरे दौर में तुर्की के गुरेल एडिज़ के खिलाफ अपनी बाजी ड्रॉ खेल कर लगातार दूसरे मैच में अंक बांटे जबकि अरविंद चिदंबरम ने काले मोहरों से खेलते हुए जर्मनी के विंसेंट कीमर को हराया।

पहले दौर में चैक गणराज्य के ग्रैंडमास्टर गुयेन थाई दाई वान के खिलाफ अंक बांटने वाले अरविंद ने काले मोहरों के साथ अपनी पहली जीत हासिल की।

अरविंद दस खिलाड़ियों के बीच राउंड रोबिन आधार पर खेले जा रहे इस टूर्नामेंट के दूसरे दौर में जीत हासिल करने वाले एकमात्र खिलाड़ी थे। दूसरे दौर के अन्य मुकाबलों में दाई वान ने अमेरिका के सैम शैंकलैंड के साथ, शीर्ष वरीयता प्राप्त चीन के वेई यी ने नीदरलैंड के अनीश गिरी के साथ और वियतनाम के क्वांग लीम ले ने चेक गणराज्य के नवारा डेविड के साथ अंक बांटे।

अब जबकि टूर्नामेंट में सात दौर की बाजी खेली जाने बाकी हैं तब भारतीय खिलाड़ी अरविंद ने 1.5 अंक लेकर शैंकलैंड के साथ संयुक्त बढ़त हासिल कर ली है। उनके बाद गिरि, लीम, दाई वान, डेविड, कीमर और प्रज्ञानानंद का नंबर आता है। एडिज और वेई यी अपने दो मैचों में आधे-आधे अंक के साथ अंतिम स्थान पर हैं।

# आय कोई पैमाना नहीं, खेल सभी के लिए, पुलेला गोपीचंद के बयान सिंधू के पिता पीवी रमन्ना की प्रतिक्रिया



**हैदराबाद।** भारत की दिग्गज बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू के पिता और एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता पूर्व वॉलीबॉल खिलाड़ी पीवी रमन्ना ने कम आय वाले परिवारों के बच्चों को खेलों में हाथ आजमाने को लेकर चल रही बहस पर कहा कि कई तरह की चुनौतियों के बावजूद वह खिलाड़ियों और उनके माता-पिता को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करने से कभी हतोत्साहित नहीं करेंगे। खुद मध्यमवर्गीय परिवार से ताल्लुक रखने के बावजूद रमन्ना ने वॉलीबॉल में देश का प्रतिनिधित्व किया और वह 1986 एशियाई खेलों में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा थे।

सिंधू ने भी विश्व चैंपियनशिप, दो ओलंपिक पदक समेत दुनिया भर में कई टूर्नामेंट जीतकर देश का नाम रोशन किया। रमन्ना ने कहा, जब मैं तीन साल का था तब मेरे पिता की मृत्यु हो गई। मैं 10 भाई-बहनों में सबसे छोटा था। लेकिन मेरे बड़े भाई-बहन मेरा समर्थन करके और मुझे राष्ट्रीय स्तर की वॉलीबॉल खेलते हुए देखकर बहुत खुश थे क्योंकि उस खेल के कारण मुझे रेलवे में नौकरी मिल गई।

भारतीय वॉलीबॉल टीम में ब्लॉकर की भूमिका निभाने वाले इस पूर्व खिलाड़ी ने कहा, ऐसे में अगर आप निम्न मध्यम वर्ग या मध्यम वर्ग से ताल्लुक रखते है तो किसी भी खेल में अच्छा होना वास्तव में आपके लिए अवसर खोलता है। यह मत भूलिए कि खेल बच्चे के समग्र विकास के लिए बहुत अच्छा है। रमन्ना कि यह टिप्पणी राष्ट्रीय बैडमिंटन कोच पुलेला गोपीचंद के हालिया बयान से शुरू हुई बहस के बीच आई है। गोपीचंद ने कहा था कि मध्यम वर्ग के माता-पिता को बच्चों को खेल के लिए प्रोत्साहित करने से पहले अच्छी तरह सोचना चाहिए क्योंकि जो लोग उच्चतम स्तर पर सफल नहीं होते हैं उनके पास पीछे हटने के बाद कुछ नहीं होता है। उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि भारत में खेल शायद उन लोगों के लिए अधिक उपयुक्त है जो धनी परिवारों से आते हैं। रमन्ना ने गोपीचंद के दृष्टिकोण से असहमति जताते हुए कहा कि इसमें संतुलन बनाना सफलता की कुंजी है। उनका अपना घर इसका एक आदर्श उदाहरण है। 61 साल के रमन्ना ने कहा कि उनकी बड़ी बेटी पीवी दिव्या बचपन में नेटबॉल खेलने के बाद डॉक्टर बन गई। दूसरी ओर, सिंधू ने रैकेट उठाते ही खुद को एक विलक्षण प्रतिभा के रूप में पेश किया। उन्होंने कहा, %प्रतिभा कभी धन की मोहताज नहीं होती है वह खुद दिख जाती है। आपको एक माता-पिता के रूप में संतुलन तलाशना होगा। जब मुझे एहसास हुआ कि मेरी बड़ी बेटी का रुझान पढ़ाई में है तो मैंने उसे आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। सिंधू ने जब 10वीं कक्षा में प्रवेश किया तब वह बैडमिंटन कोर्ट में अपने समकक्षों से काफी आगे थी। उसे प्रायोजक मिल गए थे क्योंकि हर कोई देख सकता था कि उसके पास तेजी से आगे बढ़ने की क्षमता थी। हमें बच्चों पर भी भरोसा करना चाहिए। उनमें भी सहज प्रवृत्ति होती है। उन्होंने कहा, मुझे नहीं लगता कि एक खिलाड़ी के तौर पर किसी को दूसरों को खेल से हतोत्साहित करना चाहिए। रमन्ना का जीवन भी खिलाड़ी आसान नहीं रहा है लेकिन भारतीय रेलवे में खेल अधिकारी के पद की बदौलत उन्हें स्थिरता मिली और इससे उनके लिए अपने खेल में सफलता हासिल करना थोड़ा आसान हो गया।

# 42वीं नेशनल रोइंग चैंपियनशिपः भोपाल के बड़े तालाब पर होगा 25 राज्यों की रोइंग टीमों का महामुकाबला

**» 3 से 7 मार्च तक होगा आयोजन, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव करेंगे शुभारंभ » मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने की तैयारियों की समीक्षा**

**स्पोर्ट्स एज भोपाल।**

सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने शुक्रवार को खेल एवं युवा कल्याण विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर 42वीं नेशनल रोइंग चैंपियनशिप की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि खिलाड़ियों और कोच के ठहरने, भोजन, सुरक्षा और अन्य सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जाए। साथ ही, प्रतियोगिता का सजीव प्रसारण एलईडी स्क्रीन के माध्यम से बोट क्लब सहित शहर के प्रमुख चौराहों पर किया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक खेल प्रेमी इस रोमांचक मुकाबले का आनंद ले सकें। बैठक में खेल एवं युवा कल्याण विभाग के संचालक श्री रवि कुमार गुप्ता, संयुक्त संचालक श्री बी.एल. यादव सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।



### 3 से 7 मार्च तक 25 राज्यों के 500 खिलाड़ी होंगे शामिल

मंत्री श्री सारंग ने बताया कि बड़े तालाब स्थित मध्यप्रदेश राज्य वॉटर स्पोर्ट्स अकादमी, बोट क्लब पर 3 मार्च से 7 मार्च तक 42वीं नेशनल रोइंग चैंपियनशिप का आयोजन होने जा रहा है। प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के करकमलों से 3 मार्च को होगा।

प्रतियोगिता के उद्घाटन अवसर पर मध्यप्रदेश राज्य वॉटर स्पोर्ट्स अकादमी के खिलाड़ी रोइंग, क्याकिंग-केनोइंग, सेलिंग और स्लालम खेलों की विशेष प्रस्तुति देंगे। इस अवसर पर खेल प्रेमियों को जल क्रीड़ा का अद्भुत नज़ारा देखने को मिलेगा। उन्होंने बताया कि चैंपियनशिप में 25 राज्यों से लगभग 500 प्रतिभागी भाग लेंगे। जिसमें रोइंग के कुल 14 इवेंट होंगे। यह चैंपियनशिप देश के शीर्ष रोवर्स को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर प्रदान करेगी।

### इन कैटेगरी में होगी प्रतियोगिताएं

42वीं नेशनल रोइंग चैंपियनशिप में सीनियर पुरूष, सीनियर महिला और पैरा रोइंग स्पर्धाओं के अंतर्गत विभिन्न प्रतिस्पर्धाएँ आयोजित की जाएँगी। सभी स्पर्धाएं 2000 मीटर की दूरी पर आयोजित की जाएँगी। सीनियर मेन्स वर्ग में सिंगल स्कल्स (M1X), डबल स्कल्स (M2X), कॉक्सलेस पेयर्स (Mw-), कॉक्सलेस फोर्स (My-), लाइटवेट मेन डबल स्कल्स (LM2X), ओपन डबल स्कल्स (M2X - सिविलियन), कॉक्सलेस फोर्स (M4- - सिविलियन), क्वाड्रपल स्कल्स (M4X) और कॉक्स्ड ईट्स (M8+) शामिल हैं। वहीं सीनियर महिला वर्ग में सिंगल स्कल्स (W1X), डबल स्कल्स (W2X), कॉक्सलेस पेयर्स (W2-), कॉक्सलेस फोर्स (W4-), लाइटवेट वुमन डबल स्कल्स (LW2X), क्वाड्रपल स्कल्स (W4X) और कॉक्स्ड ईट्स (W8+) की स्पर्धाएं होंगी। पैरा रोइंग स्पर्धाओं में पैरा मेन सिंगल स्कल (PR3M1X) और पैरा वुमन सिंगल स्कल (PR3W1X) प्रतियोगिताएँ होंगी।

# प्रेस्टीज संस्थान में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का उत्सव आयोजित



**स्पोर्ट्स एज भोपाल।**

प्रेस्टीज इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड रिसर्च, भोपाल में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मॉडल मेकिंग प्रतियोगिता, आइडियाथॉन और साइंस क्विज का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम में समूह निदेशक डॉ. अनिल बाजपेई एवं प्राचार्य डॉ. मोहम्मद इलियास खान ने विज्ञान के महत्व पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने विज्ञान को दैनिक जीवन से जोड़ते हुए इसकी उपयोगिता पर प्रकाश डाला। इसके साथ ही, विद्यार्थियों को महान वैज्ञानिक डॉ. सी. वी. रमन पर आधारित एक प्रेरणादायक फिल्म भी दिखाई गई।

कार्यक्रम का आयोजन कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग तथा सिविल इंजीनियरिंग विभाग के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। इस अवसर पर संस्थान के सभी संकाय सदस्य एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# मुझे लग रहा है कि मैं बहुत सीनियर हूं, सीएसके के कैंप से जुड़े अश्विन, धोनी के साथ किया अभ्यास

**नई दिल्ली।** आईपीएल 2025 के लिए चेन्नई सुपर किंग्स ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी और रविचंद्रन अश्विन भी कैंप से जुड़ गए हैं। शुक्रवार को टीम मैनेजमेंट की तरफ से एक खास वीडियो साझा किया गया जिसमें अश्विन ने टीम में वापसी को लेकर अपना अनुभव साझा किया।



पूर्व भारतीय स्पिनर अश्विन को आईपीएल की मेगा नीलामी से पहले राजस्थान रॉयल्स ने रिलीज कर दिया था। इसके बाद नीलामी में चेन्नई सुपर किंग्स ने उन पर बोली लगाई और 9.75 करोड़ रुपये में खरीदा। 2015 के बाद पहली बार धोनी और अश्विन को एक साथ देखा जा सकता है। 2008 में अपने आईपीएल करियर की शुरुआत करने वाले अश्विन ने अब तक 211 मैचों में 180 विकेट लिए हैं और 800 रन बनाए हैं। इसी हफ्ते धोनी और अश्विन समेत चेन्नई सुपर किंग्स के बाकी खिलाड़ी कैंप में जुड़े हैं। शुक्रवार को महान खिलाड़ी ने मैदान पर जमकर पसीना बहाया। इसके बाद उन्होंने अपना अनुभव साझा किया। अश्विन ने कहा- यह वाकई अजीब लगता है। मुझे टीम छोड़े हुए इतने साल हो गए हैं। उसी टीम में वापस आना, सभी लोग वही हैं। मैं हर दिन सीजन के लिए जमकर अभ्यास करता था, लेकिन आज यहां आने के बाद मुझे ऐसा लग रहा है कि मैं बहुत सीनियर व्यक्ति हूं... फिर भी, मैं चेपॉक जाने के लिए भी उत्सुक हूं। अश्विन ने 2009 में सीएसके के लिए डेब्यू किया था। वह 2010 और 2011 में टीम के खिताबी अभियान का हिस्सा थे। वह किंग्स इलेवन पंजाब (अब पंजाब किंग्स), राइजिंग पुणे सुपरजायंट्स, दिल्ली कैपिटल्स और राजस्थान रॉयल्स के लिए भी खेल चुके हैं। उनकी घर वापसी पर चेन्नई सुपर किंग्स के मुख्य कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने कहा था- अश्विन के लिए यह घर वापसी जैसा है। लेकिन वह विश्व स्तरीय गेंदबाज हैं। जैसा कि वेंकी (मैसूर) ने कहा, उनका जुड़ाव कीमत के बारे में नहीं है। आप देखते हैं कि कोई टीम में कैसे फिट बैठता है और अश्विन का चेन्नई के साथ भावनात्मक लगाव है इसलिए वह अच्छी तरह फिट हो जाएंगे।

# केएल राहुल ने ऋषभ पंत के साथ प्रतिस्पर्धा को स्वीकार किया, बोले- मैं झूठ नहीं बोलता

**दुबई।** भारतीय टीम के विकेटकीपर बल्लेबाज केएल राहुल ने वनडे टीम में जगह बनाने के लिए ऋषभ पंत के साथ प्रतिस्पर्धा को स्वीकार किया है। न्यूजीलैंड के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी मुकाबले से पहले राहुल ने कहा कि कोच और कप्तान को हमेशा पंत को उनसे पहले खिलाने का प्रलोभन रहता है। राहुल ने पंत को प्रतिभाशाली खिलाड़ी बताया। उन्होंने कहा कि प्रतिस्पर्धा रहने के बावजूद वह अलग ब्रांड का क्रिकेट नहीं खेलेंगे।

राहुल ने वनडे विश्व कप 2023 में अच्छे प्रदर्शन की मदद से वनडे में पांचवें स्थान पर अपना दावा मजबूत कर लिया है। विश्व कप में राहुल ने 452 रन बनाए थे। राहुल चैंपियंस ट्रॉफी के लिए विकेटकीपर के तौर पर गौतम गंभीर के नेतृत्व वाली टीम प्रबंधन की पहली पसंद थे। राहुल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा, मैं झूठ नहीं कहूंगा, पंत के साथ प्रतिस्पर्धा




है। पंत प्रतिभाशाली क्रिकेटर हैं और उन्होंने दिखाया है कि वह क्या कर सकते हैं। पंत आक्रामकता के साथ खेलते हैं और बड़ी जल्द ही मैच का रुख बदल देते हैं। इसलिए कोच और कप्तान के मन में हमेशा यह विचार रहता है कि मुझे खिलाएं या पंत को मौका दें। उन्होंने कहा, मेरे लिए जब भी मुझे मौका मिलेगा मैं कोशिश करूंगा कि अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करूं। मैं पंत के साथ प्रतिस्पर्धा की कोशिश नहीं करता। वह किसी और की तरह खेलने की कोशिश नहीं करता। उन्हें इस आधार पर चुना जाता है कि वह कैसा खेलते हैं और मेरे ऊपर भी यही बात लागू होती है।

राहुल ने इस बात के संकेत भी दिए कि पंत को चैंपियंस ट्रॉफी में एक भी मैच में खेलने का मौका नहीं मिलेगा। राहुल ने कहा कि भारत के अंतिम ग्रुप चरण के मैच में और सेमीफाइनल में एक दिन का अंतर है, इसलिए भारतीय टीम प्लेइंग-11 पर अडिग रहेगी।

## हर्ष दुबे ने बनाया बड़ा रिकॉर्ड, फाइनल की पहली पारी में विदर्भ ने केरल पर बढ़त बनाई



**नागपुर।** हर्ष दुबे की अगुवाई में गेंदबाजों के अच्छे प्रदर्शन से विदर्भ ने शुक्रवार को केरल के खिलाफ रणजी ट्रॉफी फाइनल में तीसरे दिन पहली पारी में 37 रन की बढ़त हासिल कर ली। 22 वर्षीय गेंदबाज ने 88 रन देकर कुल तीन विकेट लिए। इसके साथ ही वह रणजी ट्रॉफी के एक सत्र में सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए। युवा स्पिनर ने इस सत्र में अब तक 69 विकेट चटकाकर 2018-19 में बिहार के आशुतोष अमन के 68 विकेट के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। केरल के कप्तान सचिन बेबी (98) दो रन से शतक से चूक गए जबकि अनुभवी आदित्य सरवटे ने 185 गेंद में 79 रन की शानदार पारी खेली लेकिन विदर्भ के गेंदबाजों ने धैर्य बनाये रखते हुए केरल की पहली पारी को 342 रन पर समेट दिया। विदर्भ ने पहली पारी में 379 रन बनाए थे। सरवटे दिन के पहले सत्र में आउट हुए जबकि सलमान निजार (21) और मोहम्मद अजहरुद्दीन (34) अपनी अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में नहीं बदल सके। दुबे के साथ दर्शन नालकंडे (52 रन पर तीन विकेट) और पार्थ रेखाडे (65 रन पर तीन विकेट) ने भी तीन-तीन विकेट लिए। हर्ष ने सरवटे को पहली स्लिप में कैच कराकर रणजी ट्रॉफी के वर्तमान सत्र में अपना 67वां विकेट हासिल किया। इसके बाद उन्होंने लंच से ठीक पहले निजार को एलबीडब्ल्यू आउट करके बिहार के आशुतोष अमन के एक सत्र में सर्वाधिक 68 विकेट लेने के रिकॉर्ड की बराबरी की। उन्हें हालांकि अपने तीसरे विकेट के लिए काफी पसीना बहना पड़ा। उन्होंने एमडी निधीश (एक) को एलबीडब्ल्यू आउट कर रणजी सत्र में सबसे ज्यादा विकेट लेने का रिकॉर्ड अपने नाम किया। सरवटे ने अपना बल्ला फ्रंटफुट के पास रख रक्षात्मक रवैया अपनाया लेकिन हर्ष की गेंद अतिरिक्त उछाल ली और स्थानापन्न फील्डर अमन मोखड़े ने आसान कैच पकड़ लिया।

## जीत की पटरी पर लौटने के लिए आरसीबी को लगाना होगा जोर, शनिवार को दिल्ली कैपिटल्स से सामना

**बंगलुरू। अपने घरेलू मैदान पर लगातार तीन मैच में पराजय का कड़वा घूंट पीने वाली रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की टीम को अब महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में शनिवार को यहां दिल्ली कैपिटल्स की कड़ी चुनौती का सामना करना होगा। गत चैंपियन आरसीबी ने वड़ोदरा में खेले गए अपने पहले दो मैच में जीत हासिल की थी लेकिन इसके बाद जब टूर्नामेंट का दूसरा चरण एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेला जाने लगा तो उसे उम्मीद के विपरीत तीन मैच में हार झेलनी पड़ी।**



इनमें यूपी वारियर्स के खिलाफ सुपर ओवर में मिली हार भी शामिल है। टूर्नामेंट का तीसरा चरण लखनऊ में खेला जाएगा। आरसीबी की टीम अंक तालिका में अभी तीसरे स्थान पर है और वह दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ जीत हासिल करने के लिए बेताब होगी। दिल्ली कैपिटल्स के लिए इस मैच में खेलना चुनौती होगी क्योंकि वह शुक्रवार को मुंबई इंडियंस के खिलाफ खेलने के बाद अगले दिन फिर से मैदान पर उतरेगी।

आरसीबी की टीम बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों विभाग में संघर्ष कर रही है। उसके लिए कप्तान स्मृति मंधाना की फॉर्म चिंता का विषय है जो पांच पारियों में से केवल एक पारी ने अच्छा प्रदर्शन कर पाई है। उन्होंने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 81 रन बनाए थे। मंधाना की सलामी जोड़ीदार इंग्लैंड की डैनी व्याट-हॉज के प्रदर्शन में भी निरंतरता का अभाव है जबकि शानदार फॉर्म में चल रही ऑस्ट्रेलिया की ऑलराउंडर एलिस पेरी भी गुजरात जॉइंट्स के खिलाफ पिछले मैच में रन नहीं बना पाई थी।

आरसीबी की गेंदबाजी भी कमजोर नजर आ रही है क्योंकि उनकी दो प्रमुख तेज गेंदबाज रेणुका सिंह और किम गार्थ अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पा रही हैं। इन दोनों का अपनी लाइन और लेंथ पर नियंत्रण नहीं है। जहां तक दिल्ली कैपिटल का सवाल है तो शेफाली वर्मा और जेस जोनासन के फॉर्म में आने से उसकी बल्लेबाजी को मजबूती मिली है लेकिन कप्तान मेग लैनिंग रन बनाने के लिए संघर्ष कर रही है। जेमिमा रोड्रिग्स और एनाबेल सदरलैंड भी टुकड़ों में ही अच्छा प्रदर्शन कर पाई हैं।

## पाकिस्तान क्रिकेट में घमासान, मुश्ताक अहमद ने अकरम-यूनिस के खिलाफ दर्ज कराया मानहानि का मुकदमा?




**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के पूर्व लेग स्पिनर मुश्ताक अहमद ने पूर्व कप्तान वसीम अकरम और वकार यूनिस के खिलाफ उत्पीड़न और करियर को नुकसान पहुंचाने के लिए मानहानि का मुकदमा दर्ज कराया है। उन्होंने इसकी जानकारी वीडियो जारी कर दी।

दरअसल, पाकिस्तान के एक टीवी शो में मुश्ताक अहमद का एक पहले से रिकॉर्ड वीडियो जारी किया गया जिसमें बांग्लादेश के कोच ने वसीम अकरम और वकार यूनिस पर आरोप लगाया कि जब वे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलते थे तब दोनों उनके आत्मविश्वास को दबाने की कोशिश करते थे।

मुश्ताक ने इस दौरान पाकिस्तान के पूर्व कप्तानों पर मानहानि का मुकदमा दर्ज कराने की बात ही। उन्होंने बताया कि दोनों क्रिकेटर्स को नोटिस भेजा जा चुका है। मुश्ताक ने वकार यूनिस पर 20 करोड़ रुपये (पाकिस्तानी रुपये) और वसीम अकरम पर 15 करोड़ रुपये की मानहानि का केस दर्ज कराने की बात कही। उनके इस बयान के बाद वकार ने माफी भी मांगी, लेकिन अकरम ने ऐसा करने से इनकार कर दिया और कहा कि वह अब मुश्ताक को कोर्ट में ही देखेंगे।

अपने बयान में मुश्ताक ने आरोप लगाया कि अकरम और यूनिस दोनों ने शो में उनका मजाक उड़ाया और कोच के तौर पर उनकी भूमिका को कमतर आंका। अपनी नाराजगी जाहिर करते हुए उन्होंने कहा, मेरे वकील जल्द ही उन दोनों को कानूनी नोटिस भेजेंगे। उन्होंने आगे वकार पर निजी टिप्पणी करते हुए पंजाबी में कहा, वकार यूनिस से कहो कि लड़ाई ऊंचाई से नहीं जीती जाती। मुझे मेरी ऊंचाई से मत आंको; मैं लड़ना जानता हूं।

इसके जवाब में यूनिस ने कहा, मेरे पास 200 मिलियन पाकिस्तानी रुपये नहीं हैं, इसलिए मैं अपने भाई से ईमानदारी से माफी मांगता हूं। इसके बाद उन्होंने मुश्ताक से उन्हें माफ करने का आग्रह किया और कहा, मुझे उम्मीद है कि आप अपना दिल साफ कर लेंगे और हमें माफ कर देंगे। अगर नहीं, तो हमारे पास आपसे निपटने के दूसरे तरीके हैं।

पूर्व लेग स्पिनर ने दावा किया कि वसीम अकरम ने उनके करियर की शुरुआत में जानबूझकर उनके आत्मविश्वास को नुकसान पहुंचाया था। उन्होंने याद करते हुए कहा, वसीम मुझे अभ्यास के लिए ले जाते थे और मुझ पर बाउंसर फेंकते थे, जिससे मेरा आत्मविश्वास डगमगा गया। इसके कारण मेरा खुद पर से सारा विश्वास उठ गया। अन्यथा, मैं पाकिस्तान के सबसे महान ऑलराउंडरों में से एक हो सकता था।

इसके जवाब में अकरम ने कहा, तुम कभी नाइट वॉचमैन नहीं बनने वाले थे। हर बार जब तुम्हें भेजा गया, तो तुम डक पर आउट हो गए। इसलिए, मैं तुम्हें कोर्ट में देखूंगा।

## पाकिस्तान के खराब प्रदर्शन पर फूटा मोइन खान का गुस्सा, कहा- यह टीम के नए सिरे से गठन का समय



**कराची।** पूर्व कप्तान मोइन खान ने शुक्रवार को यहां कहा कि पाकिस्तान की मौजूदा खराब स्थिति इससे बदतर नहीं हो सकती और अब समय आ गया है कि अधिकारी क्रिकेट टीम का नए सिरे से गठन शुरू करें जिसमें अनुभवी खिलाड़ियों टीम में अपने चयन को सही साबित करना होगा। मोहम्मद रिजवान के नेतृत्व वाली टीम अपनी सरजमीं पर एक भी मैच जीतने में नाकाम रहने के बाद चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर हो गई है। पूर्व विकेटकीपर मोइन ने कहा, मैं आजकल कई पूर्व खिलाड़ियों की टिप्पणियां सुन रहा हूं। हम जब पहले से ही हार रहे हैं तो एक नई टीम का गठन क्यों नहीं कर रहे हैं। हमारे लिए इससे बुरा क्या हो सकता है? हम हारेंगे लेकिन कम से कम कुछ अलग प्रयास तो करेंगे। उन्होंने आगे कहा, देखिए कोई यह नहीं कह रहा है कि वे अच्छे खिलाड़ी नहीं हैं। लेकिन हर खिलाड़ी को लगातार अच्छे प्रदर्शन से टीम में अपनी जगह को सही साबित करनी होगी। इस दौरान मोइन यह मानने को तैयार नहीं थे कि देश में क्रिकेट में अच्छी प्रतिभा की कमी है। पाकिस्तान ने इसके साथ ही कुछ अनचाहे रिकॉर्ड अपने नाम कर लिए हैं।

2009 के बाद यह पहली बार है जब चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबान टीम ग्रुप चरण से ही बाहर हो गई है। आखिरी बार ऐसा दक्षिण अफ्रीका के साथ हुआ था जब टीम ने तीन में से दो मैच हारे और एक में उसे जीत मिली थी। दक्षिण अफ्रीका की टीम उस वक्त ग्रुप में सबसे नीचे रही थी। इतना ही नहीं पाकिस्तान ऐसी चौथी टीम है जो चैंपियंस ट्रॉफी में खिताब का बचाव करने उतरी, लेकिन ग्रुप चरण में ही बाहर हो गई।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक योगेन्द्र व्यास द्वारा इंडिपेंडेंट प्रेस, 11, प्रेस कॉम्प्लेक्स, एम.पी. नगर, जोन-1 से मुद्रित, एच 71, शाहंशाह गार्डन भोपाल से प्रकाशित RNI No.: MPHIN/2022/82878
(समस्त दीवानी विवादों, न्यायिक/दाण्डिक परिवादों का क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय रहेगा।) मो. नं. 9303044337/9669353300